# 73 वर्ष के हुए राज बब्बर

**बॉलीवुड** के जानेमाने अभिनेता राज बब्बर आज 73 वर्ष के हो गये.

राज बब्बर का जन्म 23 जून 1952 को हुआ. वर्ष 1975 में नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद बतौर अभिनेता बनने का सपना लिये वह मुंबई आ गये. मुंबई आने के बाद मुख्य अभिनेता के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिये उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा. इस दौरान वह निर्माता-निर्देशक प्रकाश मेहरा के ऑफिस में एक छोटे से कमरे में रहकर संघर्ष किया करते थे.राज बब्बर ने अपने सिने करियर की शुरुआत वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म सौ दिन सास के से की. इस फिल्म में उन्होंने अभिनेत्री रीना राय के पति की भूमिका निभाई. फिल्म हालांकि टिकट खिड़की पर सुपरहिट साबित हुयी लेकिन अभिनेत्री प्रधान फिल्म होने के कारण उन्हें अधिक नोटिस नहीं किया गया.

फिल्म सौ दिन सास के की सफलता के बावजूद राज बब्बर को बतौर अभिनेता काम नहीं मिल रहा था. आश्वासन तो सभी देते लेकिन उन्हें काम करने का अवसर कोई नहीं देता था. इस बीच राज बब्बर को नजराना प्यार का, साजन मेरे मैं साजन की, जज्बात, आप तो ऐसे ना थे जैसी कुछ फिल्मों में काम करने का मौका मिला लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कोई खास फायदा नहीं पहुंचा.राज बब्बर की किस्मत का सितारा बी.आर.चोपड़ा की वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म इंसाफ का तराजू से चमका. फिल्म में उन्होंने बलात्कारी की भूमिका निभाई. फिल्म के निर्माण के समय बी.आर.चोपड़ा ने कई लोगों को फिल्म की कहानी सुनाई लेकिन कोई भी बतौर अभिनेता फिल्म में काम करने को तैयार नहीं हुआ. बाद में जब उन्होंने फिल्म की कहानी राज बब्बर को सुनाई तो उन्होंने इस फिल्म को चुनौती के तौर पर लिया



और इसके लिए हामी भर दी.

वर्ष 1980 में प्रदर्शित फिल्म इंसाफ का तराजू सुपरहिट साबित हुयी और वह काफी हद तक इंडस्ट्री में पहचान बनाने में कामयाब हो गये. फिल्म 'इंसाफ का तराजू' की सफलता के बाद राज बब्बर, बी.आर.चोपड़ा के प्रिय अभिनेता बन गये .


**यशराज** फिल्म्स (वाईआरएफ) और मोहित सूरी की आगामी रोमांटिक फिल्म सैयारा का चौथा गाना हमसफर कल रिलीज होगा.

फिल्म सैयारा के अब तक रिलीज हुए तीन गाने टाइटल ट्रैक सैयारा,जुबिन नौटियाल का बर्बाद और विशाल मिश्रा का तुम हो तो ,सभी को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है और ये गाने हिट हो चुके हैं.अब, इस

## सैयारा का चौथा रोमांटिक गाना हमसफर रिलीज

एल्बम का चौथा गाना हमसफर भी रिलीज के लिए तैयार है,जिसे लोकप्रिय संगीतकार जोड़ी सचेत-परंपरा ने गाया है. यह गाना एक बार फिर रोमांस की दुनिया में डूबने का मौका देगा, और इसका थीम है- प्यार सही मायनों में तभी असर करता है जब साथ सही हो. यह गाना मोहित सूरी और साचेत-परंपरा की पहली साझेदारी है, और इसी कारण इस गाने को लेकर उम्मीदें बहुत ऊंची हैं.

गाने की रिलीज से पहले, वाईआरएफ ने फिल्म के मुख्य कलाकार अहान पांडे और अनीत पड्डा की एक नई तस्वीर साझा की है, जो हमसफ़र गाने से ली गई है. यह तस्वीर फिल्म में उनके रोमांटिक सफ़र की एक झलक देती है, और साथ ही उनके बीच की




जबरदस्त केमिस्ट्री और दिलचस्प प्रेम कहानी को भी उजागर करती है.

फिल्म सैयारा के ज़रिए अहान पांडे बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं और उनके साथ लीड रोल में हैं अनीत पड्डा, जिन्हें सीरीज़ बिग गर्ल्स डोंट क्राई में बेहतरीन

## प्रियांशु पैन्यूली ने दिखाया अपना एडवेंचरस अंदाज़

**अभिनेता** प्रियांशु पैन्यूली ने अपनी लंबे समय से पूरी न हो पाई ख्वाहिश सर्फिंग को आखिरकार पूरा कर लिया है.

प्रियांशु पैन्यूली, जिन्हें मिर्ज़ापुर, हॉलीवुड फिल्म एक्सट्रैक्शन, रश्मि रॉकेट और भावेश जोशी सुपरहीरो जैसी फिल्मों में उनके दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है, अब असली ज़िंदगी में भी रोमांच का अनुभव ले रहे हैं. उन्होंने अपनी लंबे समय से पूरी न हो पाई ख्वाहिश सर्फिंग को आखिरकार पूरा कर ही लिया. हाल ही में उन्होंने श्रीलंका में एक हफ्ता बिताया, जहां उन्होंने सर्फिंग की बुनियादी तकनीकें सीखीं और इस द्वीपीय देश के समुद्री किनारों का लुत्फ़ उठाया.

समुद्र के दीवाने और वॉटर स्पोर्ट्स के शौकीन प्रियांशु हमेशा से सर्फिंग सीखने का सपना देख रहे थे. अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर उन्होंने दुनिया की सबसे खूबसूरत और सर्फिंग के लिए मशहूर जगहों में से एक, श्रीलंका को चुना.

अपने अनुभव को साझा करते हुए प्रियांशु ने कहा, सर्फिंग बहुत लंबे समय से मेरी बकेट लिस्ट में थी. मैं हमेशा से समुद्र की ओर खिंचता आया हूं. समुद्र में कुछ बहुत ही विनम्र और ताक़तवर एहसास होता है. श्रीलंका सर्फिंग सीखने के लिए एक शानदार जगह है .यहां की वाइब, लोग और लहरें शुरुआती लोगों के लिए एकदम परफेक्ट हैं. मैं कुछ ऐसा करना चाहता था जो सिर्फ मेरे लिए हो .खुद से जुड़ने, खुद को चुनौती देने और कुछ नया व रोमांचक करने के लिए. सर्फिंग ने ये सब मुझे दिया और उससे भी ज़्यादा.



## फिल्म अनमोल घड़ी हमारी विरासत को समृद्ध करने का सशक्त प्रयास : चेतना झाम

**फिल्म** निर्माता चेतना झाम का कहना है कि उनकी आने वाली भोजपुरी फिल्म अनमोल घड़ी ,सिर्फ एक मनोरंजक फिल्म नहीं बल्कि हमारी भाषा, संस्कृति और विरासत को समृद्ध करने का भी एक सशक्त प्रयास है.

बिहार के समस्तीपुर जिले में इन दिनों



भोजपुरी फिल्म अनमोल घड़ी की शूटिंग हो रही है, जो खासकर युवाओं के मन, विचार, बुद्धि और उनके जीवन के निर्णायक मोड़ों को केंद्र में रखकर बनाई जा रही है. फिल्म की निर्माता चेतना झाम ने बताया कि यह फिल्म समाज के उन 12वीं पास छात्रों की कहानी कहती है, जिनमें कुछ जीवन में सफल हो पाते हैं जबकि कुछ दिशा भटक जाते हैं. उन्होंने कहा कि यह फिल्म युवाओं को सकारात्मक दिशा में प्रेरित करने का काम करेगी. चेतना झाम ने साफ शब्दों में कहा कि यह सिर्फ एक मनोरंजक फिल्म नहीं बल्कि हमारी भाषा, संस्कृति और विरासत को समृद्ध करने का भी एक सशक्त प्रयास है, जिसमें मीडिया की भी अहम भूमिका होगी.

चेतना झाम ने बताया कि फिल्म अनमोल घड़ी में अधिकतर कलाकार और तकनीकी टीम समस्तीपुर से ही हैं, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिल रहा है. उन्होंने भोजपुरी भाषा की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में इसकी गरिमा को ठेस पहुंची है.

**शेखर कम्मुला** के निर्देशन में बनी फिल्म कुबेरा की टीम ने यहां फिल्म की जबरदस्त सफलता का जश्न मनाया.

शेखर कम्मुला निर्देशित एमिगोस क्रिएशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत इस फिल्म का निर्माण सुनील नारंग और पुष्कुर राम मोहन राव ने किया है. विपुल अग्रवाल और मनीष वसिष्ठ

## कुबेरा की टीम ने हैदराबाद में फिल्म की सफलता का जश्न मनाया

सह निर्माता हैं. फिल्म कुबेरा 20 जून को रिलीज हुयी है. फिल्म कुबेरा ने भारतीय बाजार में तीन दिनों में करीब 50 करोड़ की कमाई कर ली है.फिल्म कुबेरा की टीम ने यहां फिल्म की जबरदस्त

फिल्म कुबेरा में धनुष,नागार्जुन अक्किनेनी,रश्मिका मंदाना और जिम सर्भ की अहम भूमिका है. श्री वेंकटेश्वर सिनेमा एलएलपी और



सफलता का जश्न मनाया है.

धनुष ने फिल्म की खासियत पर बोलते हुए कहा कि सुपरहीरो वाली फिल्मों के जमाने में कुबेरा एक इंसानी इमोशन्स से भरी चमत्कारी फिल्म है.

## स्पेशल ऑप्स की कहानी सुनकर फिदा हो गये थे के के मेनन

**बॉलीवुड** के जानेमाने अभिनेता के के मेनन का कहना है कि वह शो स्पेशल ऑप्स की कहानी सुनकर फिदा हो गये थे.

के के मेनन ने वर्ष 2020 में डिज्नी प्लस हॉटस्टार के शो स्पेशल ऑप्स में काम किया था. नीरज पांडे निर्मित-निर्देशित इस शो में के के मेनन ने रॉ अधिकारी हिम्मत सिंह की भूमिका निभायी थी, जिसे दर्शकों ने बेहद पसंद किया. आठ - एपिसोड के पहले सीज़न को इसकी मनोरंजक कथा, दमदार निर्देशन और शक्तिशाली प्रदर्शनों के लिए सराहा गया था.



इसके बाद 2021 में स्पेशल ऑप्स 1.5- द हिम्मत स्टोरी रिलीज हुई, जो एक स्पिन ऑफ की तरह थी.के के मेनन अब जियो हॉटस्टार पर प्रसारित होने वाले स्पेशल ऑप्स 2 में हिम्मत सिंह की भूमिका दोहराते नजर आयेंगे. हिम्मत सिंह एक बार फिर डिजिटल खतरे से निपटने के लिए अपनी भरोसेमंद टीम को इकट्ठा करता है, दुश्मन की चालों का मुकाबला करने के लिए गुप्त रूप से काम करता है. के के मेनन ने हाल ही में स्पेशल ऑप्स सीरीज में काम करने के बारे में संवाद एजेंसी 'यूनीवार्ता' के साथ विशेष बातचीत में कहा कि जब उन्हें स्पेशल ऑप्स में नीरज पांडेय ने काम करने का प्रस्ताव दिया तो उन्होंने तुरंत हां कह दिया.

## 'आंखों की गुस्ताखियां' के टाइटल ट्रैक में शनाया कपूर ने चुराया सबका दिल!

**अभिनेत्री** शनाया कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के टाइटल ट्रैक में सबका दिल चुरा लिया.

बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में बतौर अभिनेत्री अपनी शुरूआत कर रही है. इस फिल्म में वह विक्रंत मैसी के साथ नजर आयेंगी. इस फिल्म का टाइटल ट्रैक जैसे ही रिलीज़ हुआ, सोशल मीडिया पर मानो एक सुरीला तूफ़ान आ गया. जुबिन नौटियाल की आवाज़ और विशाल मिश्रा की धुन तो पहले ही जादू कर रही थी,लेकिन जो सबसे ज़्यादा छा गई, वो थीं शनाया कपूर, जिनकी आंखों ने शब्दों से ज़्यादा कह दिया. इस फिल्म में शनाया बनी हैं सबा, एक नेत्रहीन लड़की जो पहली मोहब्बत की मीठी-बेचैन गलियों में भटक रही है. इस गाने में वो हर फ्रेम में ऐसे चमकती हैं जैसे बारिश में धूप की किरण. ना कोई बड़ा डायलॉग, ना कोई ड्रामा, बस उनकी अदाओं में, उनके इशारों में, और उनके एक्सप्रेशन्स में है सारा जादू.

शनाया और विक्रांत मैसी की केमिस्ट्री मानो किसी पुराने लव लेटर की तरह दिल को छू जाती है. थोड़ी शरारत, थोड़ी तड़प और बहुत सारा एहसास.इस गाने में शनाया की परफॉर्मेंस देखकर लगता नहीं कि ये उनके करियर की शुरुआत है.







## नई टाटा सिएरा और सफारी टेस्टिंग में नजर आई

मोटर्स की आने वाली एसयूवी सिएरा और सफारी को हाल ही में भारी छलावरण (कैमोफ्लेज) में टेस्टिंग के दौरान देखा गया है.

**टाटा सिएरा- डिज़ाइन और इंजन की उम्मीदें**- हाल ही में वायरल हुए वीडियो में, भारी छलावरण के बावजूद, आगामी टाटा सिएरा के कुछ डिज़ाइन हिस्से स्पष्ट रूप से देखे गए हैं. शुरुआती जानकारी के अनुसार, सिएरा का डिज़ाइन बॉक्सी होगा, इसमें कनेक्टेड एलईडी डीआरएल और एक ऊँचा बोनट लाइन हो सकती है.

साइड प्रोफाइल की बात करें तो, टाटा सिएरा में 18-इंच के अलॉय व्हील और फ्लश डोर हैंडल मिलने की संभावना है, जो इसके स्पोर्टी लुक को और बढ़ाएंगे.मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, आगामी टाटा सिएरा के पेट्रोल, डीजल और एक ईवी (इलेक्ट्रिक वाहन) अवतार में आने की उम्मीद है. हालांकि, टाटा सिएरा के भारत में लॉन्च को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है.

**टाटा सफारी- डिज़ाइन और नए पावरट्रेन की संभावना**- आगामी टाटा सफारी के डिज़ाइन में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है. रशलेन द्वारा साझा की गई हालिया स्पाई तस्वीरों के अनुसार, डिज़ाइन सिल्हूट अपरिवर्तित है, और इसमें सामने की तरफ वही कनेक्टेड एलईडी डीआरएल और हेडलैंप सेटअप के साथ-साथ अलॉय व्हील्स का डिज़ाइन भी मौजूदा मॉडल जैसा ही है.मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, टाटा मोटर्स सफारी में एक नया 1.5-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन पेश कर सकती है. हालांकि, यह नया इंजन फिलहाल टेस्टिंग चरण में है. वर्तमान में, सफारी केवल डीजल इंजन के साथ उपलब्ध है. नई सफारी के लॉन्च को लेकर भी टाटा मोटर्स ने अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है.

## भारत की सबसे दमदार घरेलू इलेक्ट्रिक एसयूवी की एंट्री

**टाटा** मोटर्स ने अपनी बहुप्रतीक्षित हैरियर ईवीकी शुरुआती कीमतों की आधिकारिक घोषणा कर दी है, जिसे कंपनी भारत की सबसे शक्तिशाली घरेलू इलेक्ट्रिक एसयूवी बता रही है. द्दष्टश्व-पावर्ड प्रतिद्वंद्वियों के लिए एक उच्च-प्रदर्शन, फीचर-लोडेड विकल्प के रूप में स्थापित, हैरियर ईवी का लक्ष्य प्रीमियम एसयूवी सेगमेंट में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को फिर से परिभाषित करना है.

हैरियर ईवी के लिए बुकिंग 2 जुलाई 2025 से शुरू होगी, जबकि क्वाड व्हील ड्राइव वेरिएंट की कीमतों की घोषणा 27 जून को अलग से की जाएगी. आज घोषित कीमतें रियर-व्हील ड्राइव संस्करणों के लिए हैं.




**प्रदर्शन और क्षमता** हैरियर ईवी सुपरकार जैसा प्रदर्शन का वादा करती है, जिसमें डुअल-मोटर सेटअप 396 पीएस (सामने 158 पीएस + पीछे 238 पीएस) और 504 एनएम का टॉर्क देता है, जो सिर्फ 6.3 सेकंड में 0-100 किमी/घंटा की रफ्तार हासिल कर लेती है, जो सेगमेंट में सबसे बेहतर है. टाटा का क्वाड व्हील ड्राइव सिस्टम छह टेरेन मोड्स और बेहतर स्थितिजन्य जागरूकता के लिए 540-डिग्री सराउंड व्यू सिस्टम द्वारा समर्थित वास्तविक ऑफ-रोड क्षमता लाता है.

**रेंज और चार्जिंग**- हैरियर ईवी दो बैटरी पैक विकल्पों के साथ पेश की गई है-

स्टैंडर्ड रेंज के लिए 65 किलोवाट, एक्सटेंडेड रेंज के लिए 75 किलोवाट, जो एआरएआई-प्रमाणित 627 किमी की रेंज प्रदान करती है (अनुमानित वास्तविक दुनिया की रेंज 480-505 किमी के बीच)., तेज चार्जर का उपयोग करके, हैरियर ईवी सिर्फ 15 मिनट में 250 किमी तक की रेंज जोड़ सकती है.

**तकनीक और फीचर्स**- अंदर की तरफ, हैरियर ईवी अत्याधुनिक फीचर्स से भरपूर है- हरमन-सैमसंग नियो क्यूएलईडी तकनीक के साथ 14.53-इंच की सिनेमैटिक इंफोटेनमेंट स्क्रीन - ऑटोमोटिव डिस्प्ले में एक वैश्विक पहली. डॉल्बी एटमॉस के साथ जेबीएल ब्लैक 10-स्पीकर सिस्टम.

फ्रीक्वेंसी डिपेंडेंट डैम्पिंग के साथ अल्ट्रा ग्लाइड सस्पेंशन.

## अपनी गाड़ी को रखें हमेशा नई

**आजकल** गाड़ियाँ हमारी ज़िंदगी का अहम हिस्सा बन गई हैं. चाहे रोज़मर्रा के सफ़र के लिए हो या लंबी यात्राओं के लिए, अपनी गाड़ी का सही रखरखाव उसे सुरक्षित रखने और उसकी लंबी उम्र सुनिश्चित करने के लिए बेहद ज़रूरी है. आइए जानते हैं कुछ अहम रखरखाव टिप्स, जिनका पालन करके आप अपनी गाड़ी को हमेशा बेहतर स्थिति में रख सकते हैं-

**नियमित धुलाई और वैक्सिंग**- अपनी गाड़ी के पेंट को धूप, धूल और गंदगी से बचाने के लिए नियमित रूप से उसे धोना और वैक्स करना महत्वपूर्ण है. इससे न केवल गाड़ी की चमक बनी रहती है, बल्कि पेंट को नुकसान से भी बचाया जा सकता है. हफ़्ते में एक बार गाड़ी को धोना और हर कुछ महीनों में वैक्स करना आदर्श माना जाता है.गाड़ी के इंजन के सुचारु संचालन के लिए समय पर इंजन ऑयल बदलना बेहद ज़रूरी है. निर्माता द्वारा बताई गई समय-सीमा के अनुसार सिंथेटिक या सेमी-सिंथेटिक ऑयल का उपयोग करें. इंजन ऑयल की गुणवत्ता इंजन के जीवन को सीधा प्रभावित करती है.

गाड़ी की सुरक्षा और ईंधन दक्षता के लिए टायरों का सही दबाव बनाए रखना आवश्यक है. हर महीने टायरों का प्रेशर ज़रूर जाँचें. इसके अलावा, टायरों के समान घिसाव को सुनिश्चित करने और उनकी उम्र बढ़ाने के लिए हर 6,000 से 10,000 किलोमीटर पर टायरों का रोटेशन करवाएँ. ट्रेड की गहराई की भी नियमित जाँच करें, ताकि सुरक्षित ग्रिप बनी रहे.गाड़ी के अंदरूनी हिस्से को साफ़-सुथरा रखना न केवल दिखने में अच्छा लगता है, बल्कि यह स्वच्छता के लिए भी ज़रूरी है. धूल और गंदगी हटाने के लिए नियमित रूप से वैक्यूम करें.

सीटों को कंडीशन करें और कपड़े की सीटों पर दाग लगने से बचाएँ. फ़्लोर मैट को नियमित रूप से झाड़ना और साफ़ करना भी महत्वपूर्ण है.

## होंडा एक्टिवा 110 नए टीएफटीडैश के साथ लॉन्च

**होंडा** ने अपनी सबसे ज़्यादा बिकने वाली स्कूटर एक्टिवा 110 को अपडेट कर दिया है और इसे ?80,950 की शुरुआती कीमत पर लॉन्च किया है. यह अपडेट होंडा के 2025 के लिए अपने पूरे लाइन-अप को OBDwB-अनुरूप इंजन बनाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है, एक ऐसा नियम जो पिछले साल से प्रभावी है.

**क्या है नया होंडा एक्टिवा में?**- एक्टिवा 110 की फीचर सूची को अपग्रेड किया गया है, जिसमें अब 4.2-इंच का TFT कलर डिस्प्ले शामिल है. यह डिस्प्ले माइलेज इंडिकेटर, ट्रिप मीटर, एक इको-इंडिकेटर और डिस्टेंस टू एम्प्टी जैसी कई महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है. एक्टिवा में चलते-फिरते डिवाइस चार्ज करने के लिए एक USB टाइप-C चार्जिंग पोर्ट भी दिया गया है.

एक्टिवा को वही भरोसेमंद 109.51CC, सिंगल-सिलेंडर PGM-Fi इंजन पावर देता है, जो अब OBDwB-अनुरूप है. यह इंजन 7.8hp की शक्ति और 9.03N m का टॉर्क उत्पन्न करता है. होंडा ने एक्टिवा को आइडलिंग स्टॉप सिस्टम से भी लैस किया है, जिससे ईंधन दक्षता में सुधार होगा.

1999 में लॉन्च होने के बाद से, होंडा एक्टिवा 110 पिछले दो दशकों से ब्रांड का सबसे अधिक बिकने वाला स्कूटर रहा है. जबकि इसका मूल डिज़ाइन काफी हद तक अपरिवर्तित रहा है, होंडा ने इसे ताज़ा बनाए रखने के लिए पिछले कुछ वर्षों में एलईडी हेडलाइट और डिजिटल ट्रिप मीटर सहित कुछ सुविधाएँ जोड़ी हैं.

2025 होंडा एक्टिवा अब छह रंगों में उपलब्ध है- मेटालिक रेड, पर्ल ब्लैक, पर्ल व्हाइट, मेटालिक ब्लू, मैट ग्रे और पर्ल ब्लू. ये रंग तीन वेरिएंट - STD, DLX और ॥-स्मार्ट में पेश किए गए हैं.

